kotak कोटक महिन्द्रा बैंक लि.

पंजीकृत कार्यालयः 27 बीकेसी, सी–27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुंबई–400051
शाखा कार्यालयः 5वीं तल, मेट्रो टॉवर, निकट विजय नगर स्क्वेयर, ए.बी. रोड, इंदौर (मध्य प्रदेश) 452010

ई–नीलामी बिक्री नोटिस

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक नोटिस

ईएमडी और दस्तावेज (हार्ड कॉपी) और (ऑनलाइन) जमा करने की अंतित तिथि व समयः 31.05.2023, अप. 4.00

ई–नीलामी की तिथि व समयः 01.06.2023 समय पूर्वा. 11:00 से अप. 2.00 तक

(बिक्री की समाप्ति तक प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तारों के साथ)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) सरफासी अधिनियम के तहत बैंक को बंधक अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सार्वजनिक नोटिस

जबकि, यहाँ नीचे नामित कर्जदार/ओं ने **कोटक महिन्द्रा बैंक लि.** को देयों के भुगतान में चूक की है और नीचे इंगित राशियों और इस पर आगे की ब्याज के लिए देनदार है, **कोटक महिन्द्रा बैंक लि.** ने अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत बंधक संपत्तियों का कब्जा ले लिया था और बैंक ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 व 9 के तहत उनके नामों के साथ नीचे उल्लिखित संपत्तियों को **"जहाँ है, जो है", "जो है, जैसी है" और "कोई शिकायत नहीं"** शर्त पर बिक्री करने का निर्णय किया है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट: https://kotakbank.auctiontiger.net और ऑक्शन टाईगर मोबाइल ऐप पर दिए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जायेगी।

खाते और कर्जदार/बंधककर्ता(ओं)/ जमानती(ओं) के नाम	अचल संपत्ति का विवरण	ईएमडी जमा खाता विवरण	मांग नोटिस के अनुसार राशि(याँ)	आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली वृद्धि राशि
1. मैसर्स माई कार (भोपाल) प्रा. लि. (कर्जदार) 2, मालवीय नगर, राय भवन के सामने, भोपाल (मध्य प्रदेश) –462001, **2. स्व. श्री सीरम गर्ग (बंधककर्ता और जमानती)** (अपने विधिक उत्तराधिकारियों के माध्यम से) ई–7/88, एचआईजी, स्टेट बैंक कालोनी, एरेरा कालोनी, अवंतिका कम्यूनिटी हॉल, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)–462016, **3. श्रीमती मंजू गर्ग (जमानती)** ई–7/88, एचआईजी, स्टेट बैंक कालोनी, एरेरा कालोनी, अवंतिका कम्यूनिटी हॉल, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)–462016, **4. श्री विजय गर्ग (जमानती)** माई बाइक, ए–4 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, खो ई फिजा, भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 और (दूसरा पता) 10–437, 10 खालासी लाइन, कानपुर नगर, कानपुर (उ.प्र.) 208001, **5. श्री बेनी माधव गर्ग (जमानती)** ई–7/88, एचआईजी, स्टेट बैंक कालोनी, एरेरा कालोनी, अवंतिका कम्यूनिटी हॉल, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)–462016 और **(दूसरा पता)** 10–437, 10 खालासी लाइन, कानपुर नगर, कानपुर (उ.प्र.) 208001, **6. मैसर्स माई कार डेन्टर्स प्रा. लि. (जमानती)** ई–7/88, एचआईजी, स्टेट बैंक कालोनी, एरेरा कालोनी, अवंतिका कम्यूनिटी हॉल, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)–462016 **7. मैसर्स माई स्टोर प्रा. लि. (जमानती)** ई–5/15, अरेरा कालोनी, बिट्टल मार्केट, भोपाल (मध्य प्रदेश)–462001 और **(दूसरा पता)** ई–7/88, एचआईजी, स्टेट बैंक कालोनी, एरेरा कालोनी, अवंतिका कम्यूनिटी हॉल, भोपाल, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)–462016, **8. मैसर्स माई बाइक (जमानती)** ए–4 हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, खो ई फिजा, भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001	**स्व. श्री सीरम गर्ग पुत्र श्री एम. गर्ग द्वारा स्वामित्व** ग्राम कालापानी, पी.एच. नं. 36/31, तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित परिवर्तित भूखंड टाईप "ए" माप 7796.88 वर्ग मीटर लगभग 2.00 एकड़ के सभी भाग व खंड, अनुमोदित लेआउट प्लान पर लाल रंग की बाउंड्री में सीमांकित और "कन्विनिऐन्ट शॉपिंग के लिए प्लॉट ए" के रूप में प्रदर्शित (उक्त अनुमोदित लेआउट प्लान की कॉपी "अनुलग्नक ए" के रूप में यहाँ संलग्न है।) जो अनुमोदित लेआउट प्लान में विभिन्न सर्वे नं. अर्थात 281/2/2, 282/1/2, 281/2/1, 282/1/1, 291, 292, 311, 376, 377, 378, 373, 374, 245, 305, 306, 307, 309, 375, 380/1 और 380/2 में से बने बड़े लेआउट भूखंड माप 10.97 हेक्टेयर का भाग है और सीमाएँ:– पूर्वः जमीन खसरा नं. 281 (पुराना नंबर) नया नंबर 291, पश्चिमः रोड, उत्तरः प्रस्तावित रोड, दक्षिणः अन्य संपत्ति जमीन अथवा जमीन से स्थायी रूप से जुड़ी किसी भी चीज पर सभी फिक्सर व फिटिंग्स, बिल्डिंग व स्ट्रक्चर, वर्तमान व भावी दोनों और इससे संबंधित सभी भोगाधिकार/मामूल अधिकारों सहित	खाता सं.: 06410125272001, कोटक महिन्द्रा बैंक लि., नरिमन प्वाइंट शाखा, मुंबई IFSC Code: KKBK0000958	**रु. 5,35,77,941.73** दि. 20.05.2019 को और इस पर आगे की ब्याज/ पीनल ब्याज, लागत एवं प्रभार	संपत्ति 1:– **रु. 6,12,00,000/–** **रु. 61,20,000/–** **रु. 50,000/–**

होने वाली टीडीएस कटौतीः 1% नीलामी मूल्य का

टीडीएस कटौती के लिए शर्तें:– • टीडीएस बंधककर्ता/ओं के नाम में कटौती/जमा किया जायेगा। • यदि बंधक संपत्ति संयुक्त स्वामित्व में है, टीडीएस प्रथम मालिक के नाम में रिपोर्ट किया जायेगा, जब तक कि बिक्री विलेख में स्वामित्व का कोई विशेष अनुपात न हो, ऐसी अवस्था में टीडीएस उनके स्वामित्व अनुपात के समानुपात में कटौती किया जायेगा। • नीलामी क्रेता टीडीएस जमा करने के बाद टीडीएस भुगतान का साक्ष्य और पुष्टि के रूप में फॉर्म नं. 16ए जमा करना होगा।

निबंधन व शर्तें: (1) ई–नीलामी **"जहाँ है, जो है", "जो है, जैसी है" और "कोई शिकायत नहीं"** आधार पर आयोजित की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं ज्ञान में संपत्ति/यों पर कोई भार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीकारी बोली जमा करने से पूर्व नीलामी की जाने वाली संपत्ति पर किसी भी प्रकार के भार, संपत्ति पर हक, दावे/ अधिकार/बकाया आदि की अपनी जांच–पड़ताल कर लें। प्राधिकृत अधिकारी/ प्रत्यामूत देनदार तीसरी पार्टी दावों/अधिकारों/देयों के लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। (2) बोली जमा करने से पूर्व सभी प्रकार से परिसंपत्ति और विनिर्देशन जांच की जिम्मेदारी स्वयं बोलीकार की होगी। नीलामी के लिए रखी संपत्ति के निरीक्षण इच्छुक निविदाकार स्थानीय वसूली प्रबंधक – एबीजी की सहमति से कार्यालयीन अवधि में किया जा सकेगा। (3) इच्छुक निविदाकार नीलामी विवरण और बिक्री के निबंधन व शर्तों के लिए बैंक की अधिकारिक वेबसाइट– https://www.kotak.com/en/bank-auction.html देख (यूजर आईडी व पासवर्ड निःशुल्क https://kotakbank.auctiontiger.net पर नाम पंजीकृत कर लॉगिन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर प्राप्त किए जा सकते हैं) सकते हैं। आरक्षित मूल्य का 10% ईएमडी **"कोटक महिन्द्र बैंक लिमिटेड"** के नाम में और **इंदौर** में देय डिमांड ड्राफ्ट/ ऑनलाइन भुगतान करने होगी और निविदा फॉर्म में संलग्न अनुलग्नक II व III की विधिवत् भरी हुई और हस्ताक्षरित प्रति के साथ **31.05.2023 समय अप. 4.00 तक** संबंधित बैंक शाखा में जमा करना होगा। निविदा फॉर्म संबंधित बैंक शाखा से भी प्राप्त किया जा सकेगा। (4) निविदाकार द्वारा वेब पोर्टल पर पंजीकरण के बाद इच्छुक निविदाकार/क्रेता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय से पूर्व वेब पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी– i) डिमांड ड्राफ्ट की प्रति; ii) पेन कार्ड की प्रति; iii) पहचान प्रमाण (केवाईसी) अर्थात मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राशन कार्ड आदि की स्व–प्रमाणित प्रति iv) पता प्रमाण की प्रति; v) निविदा फॉर्म में संलग्न विधिवत् भरे और हस्ताक्षरित अनुलग्नक– II व III की प्रति, जिसके बिना निविदा अस्वीकृत हो सकती है। (5) इच्छुक निविदाकार जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डाटा अपलोड करने, निविदा दस्तावेज जमा करने में सहायता, ऑनलाइन परस्पर निविदाकरण आदि पर प्रशिक्षण की आवश्यकता हो तो वह **मैसर्स ई–प्रक्योरमेंट टैक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाईगर), अहमदाबादः संपर्क व्यक्तिः श्री राम शर्मा– मोबाइल नं. 9978591668 व 08351696834, संपर्क नं.: 079–68136837/68136880/68136844, ई–मेल आईडीः ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net/** ऑक्शन टाईगर मोबाइल ऐप पर भी संपर्क कर सकते हैं और किसी संपत्ति संबंधी प्रश्न के लिए बैंक अधिकारियों को संपर्क किया जा सकता है: **कमर्शियल बैंकिंग, कोटक महिन्द्र बैंक, 5वीं तल, मेट्रो टॉवर, निकट विजय नगर स्क्वेयर, ए.बी. रोड, इंदौर (मध्य प्रदेश) – 452010, भारत, श्री तरुण जोशी, लोकेशन वसूली प्रबंधक, एबीजी मोबाइलः 8370013764,** ईमेलः– **tarun.p.joshi@kotak.com** को कार्य दिवसों में कार्यालयीन अवधि में संपर्क किया जा सकता है। (6) केवल वैध यूजर आईडी/ पासवर्ड धारक और ईएमडी का **डिमांड ड्राफ्ट**/ऑनलाइन माध्यम से निश्चित भुगतान कर चुके क्रेता ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए पात्र होंगे। (7) इच्छुक निविदाकार जो **डिमांड ड्राफ्ट**/ऑनलाइन माध्यम से ईएमडी जो आरक्षित मूल्य का 10% से कम न हो, **31.05.2023 समय अप. 4.00 बजे** तक जमा कर चुके होंगे वे ई–निविदा प्रक्रिया में भागीदारी के लिए पात्र होंगे। उपर्युक्त संपत्तियों की ई–नीलामी प्रत्येक संपत्ति के लिए उल्लिखित निर्धारित तिथि व समय को निविदाकारों के बीच परस्पर बोली द्वारा कराई जायेगी। निविदाकार कॉलम "बोली वृद्धि राशि" में उल्लिखित राशि के गुणक में अपने प्रस्ताव बढ़ा सकेंगे। यदि ई–नीलामी समाप्ति के अंतिम 5 मिनटों में कोई बोली की जाती है तो नीलामी का अंतिम समय स्वतः ही 5 मिनट (असीमित विस्तार) बढ़ जायेगी। ई–नीलामी की समाप्ति तक निविदाकार जो उच्चतम बोली जमा करता है और जो आरक्षित मूल्य से कम न हो, वह सफल निविदाकार घोषित किया जायेगा और उसकी सूचना इलैक्ट्रोनिक माध्यम से जारी की जायेगी जो कि प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्यामूत लेनदार के अनुमोदन के तहत होगा। (8) सफल निविदाकार की धरोहर राशि जमा बिक्री राशि के लिए रोक ली जायेगी और असफल निविदाकारों की ईएमडी वापस कर दी जायेगी। धरोहर राशि जमा पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। सफल/ सबसे बड़ी बोली वाले बोलीकार को अंतिम बिक्री राशि अर्थात संपत्ति की नीलामी राशि का 25% प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य स्वीकार होने के 48 घंटे के अंदर जमा करनी होगी और शेष 75% राशि संपत्ति की बिक्री की तारीख से 15 दिन के अंदर या एकमात्र प्राधिकृत अधिकारी के विवेक से लिखित में सहमत ऐसी किसी निर्धारित अवधि के अंदर जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि के अंदर भुगतान न होने परनिविदाकार द्वारा पहले से जमा राशि जब्त हो सकती है और संपत्ति नयी बिक्री उद्घोषणा के बाद दुबारा बेची जायेगी और चूककर्ता क्रेता के संपत्ति पर या बाद में इसकी बिक्री से प्राप्त राशि पर सभी दावे/अधिकार खत्म हो जायेंगे। (9) सभावी अर्ह निविदाकार ई–नीलामी पर मैसर्स ई–प्रक्योरमेंट टैक्नोलॉजीज लिमिटेड से ई–नीलामी से पूर्व ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। किसी इंटरनेट समस्या के लिए न तो बैंक/प्राधिकृत अधिकारी और न ही मैसर्स ई–प्रक्योरमेंट टैक्नोलॉजीज लिमिटेड जिम्मेदार होगा। इच्छुक निविदा स्वयं सुनिश्चित कर लें कि वे ई–नीलामी इवेंट में भागीदारी के लिए तकनीकी रूप से सुसज्जित हैं। (10) सफल निविदाकार को सभी लागू परिवहन, पंजीकरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क आदि और किसी को भी देय सांविधिक/ गैर–सांविधिक देय, कर, दरें, मूल्यांकन प्रभार, शुल्क आदि स्वयं वहन करने होंगे। (11) प्राधिकृत अधिकारी जो उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकारने के लिए बाध्य नहीं है, को बिना कोई कारण दिये बोलियों को स्वीकार/अस्वीकार/स्थगित करने/ई–नीलामी को निरस्त करने को अधिकार होगा। (12) निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि ई–नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए अपनी निविदाएं जमा करने से पूर्व नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु मैसर्स ई–प्रक्योरमेंट टैक्नोलॉजीज लिमिटेड की वेबसाइट https://kotakbank.auctiontiger.net देखें। (13) प्रकाशन अपरिहार्य खंड के तहत है। (14) नीलामी क्रेता से समस्त बिक्री राशि प्राप्त होने और फॉर्म नं. 16 ए में टीडीएस प्रमाणपत्र जमा होने और प्रत्यामूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि होने के बाद बिक्री प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा। बिक्री प्रमाणपत्र सफल निविदाकार के नाम में जारी किया जायेगा। बिक्री प्रमाणपत्र पर निविदा जमा करने/ ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति के अलावा अन्य किसी नाम के परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा। (15) निविदाकार द्वारा एक बार निविदा जमा हो जाने पर इसे निरस्त/वापस नहीं लिया जा सकेगा और निविदाकार फाइनल बोली मूल्य पर संपत्ति खरीद के लिए बाध्य होगा। ई–नीलामी के किसी निबंधन व शर्तें के अनुपालन में असफल होने पर चूककर्ता निविदाकार द्वारा भुगतान राशि को जब्त कर लिया जायेगा। (16) सफल निविदाकार की घोषणा के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम और सभी निविदाकारों पर बाध्य होगा। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण दिये सफल निविदाकार की घोषणा से पूर्व बोलियों को स्वीकार/अस्वीकार/स्थगित करने/ई–नीलामी को निरस्त करने को स्वतंत्र होगा। सशर्त निविदाओं को अविधिमान्य माना जायेगा। कृपया नोट करें कि निविदा/एँ जमा हो जाने के बाद निविदा में किसी परिवर्तन के लिए कोई विचार नहीं किया जायेगा। सभी सांविधिक/ गैर–सांविधिक देय, कर, दरें, मूल्यांकन प्रभार, शुल्क आदि के भुगतान की जिम्मेदारी केवल सफल निविदाकार की होगी। निविदा (ओं) की वैधता, बोली की राशि, ईएमडी, निविदाकार की पात्रता, निविदाकार का प्रतिनिधित्व करते व्यक्ति का प्राधिकार के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की अवस्था में प्राधिकृत अधिकारी की व्याख्या और निर्णय अंतिम होगा, ऐसी स्थिति में बैंक को बिक्री को रद्द करने और अन्य किसी तिथि/समय जो बैंक द्वारा निश्चित हो, को संपत्ति की दुबारा बिक्री करने का विवेकाधिकार होगा। किसी भी प्रकार के विवाद के लिए निविदाकारों से केवल संबंधित बैंक शाखा के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को संपर्क करना होगा। (17) विशेष निर्देशः निविदाकारों के हित में अंतिम क्षणों में बोली करने से बचने की सलाह है। किसी खराबी/ कमी (इंटरनेट/बिजली समस्या आदि) के लिए न तो **कोटक महिन्द्रा बैंक लि.** और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए निविदाकारों अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/वैकल्पिक व्यवस्था जैसे बिजली आपूर्ति बैकअप आदि कर लें ताकि वे ऐसी किसी स्थिति से पार पा सकें और ई–नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

(विस्तृत निबंधन व शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट https://kotakbank.auctiontiger.net **(मैसर्स ई–प्रक्योरमेंट टैक्नोलॉजीज लिमिटेड) देखें।**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(2)/8(6) और 9(1) के तहत सांविधिक 30 दिनों बिक्री नोटिस माना जाए:

नोटः कर्जदार/जमानतियों/बंधककर्ताओं को एतद्द्वारा अद्यतन ब्याज और प्रासंगिक व्ययों के साथ उपरोक्त राशि का इस प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के अंदर संपत्ति/ओं को मुक्त कराने के लिए भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा प्रत्यामूत संपत्ति/ओं की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देयों, यदि कोई हो, की ब्याज व लागत सहित वसूली की जायेगी।

दिनांकः 25.04.2023 **स्थानः भोपाल** **प्राधिकृत अधिकारी**